आकाशवाणी केन्द्र शिमला

06.11.2025 / प्रादेशिक समाचार / 18:00 बजे

मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि प्रदेश में पंचायत चुनाव समय पर होंगे और चुनाव आयोग को सरकार पूरा सहयोग देगी। मुख्यमंत्री ने आज शिमला में कहा कि प्रदेश में अभी डिजास्टर एक्ट लगा हुआ है और सभी पंचायतों की सड़कें खुलते ही पंचायत चुनाव घोषित कर दिए जाएंगे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि अगले कुछ दिनों में कांग्रेस संगठन के गठन की प्रक्रिया पूरी कर ली जाएगी और शीघ्र ही कार्यकारिणी घोषित होगी। सुखविंदर सिंह सुक्खू ने पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर पर प्रदेश को वित्तीय तौर पर कंगाल करने का आरोप लगाया। उन्होंने ये भी कहा कि यदि जयराम ठाकुर प्रदेश की वित्तीय स्थिति को समझते तो आज हिमाचल में आर्थिक संकट नहीं होता।

भाजपा

प्रदेश भाजपा अध्यक्ष राजीव बिंदल ने कहा है कि राज्य की कांग्रेस सरकार द्वारा जनकल्याणकारी योजनाओं को बंद करना दुर्भाग्यपूर्ण है। बिंदल ने आज सोलन जिला के बद्दी में आयोजित पार्टी की दो दिवसीय कार्यशाला के समापन अवसर पर कहा कि कांग्रेस ने विधानसभा चुनाव में झूठी गारंटियों के नाम पर लोगों को ठगा है और राज्य के लोग कांग्रेस को इसके लिए कभी माफ नहीं करेंगे। उन्होंने ये भी कहा कि प्रदेश सरकार और कांग्रेस की मित्र मण्डली ठगों का एक टोला बनकर रह गई है। उन्होंने ये भी कहा कि प्रदेश भाजपा विधानसभा चुनाव के दृष्टिगत हर बूथ की किलेबंदी करेगी। नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कार्यशाला को सम्बोधित करते हुए कहा कि भाजपा मेरा बूथ सबसे मजबूत की नीति पर काम करते हुए चुनाव तैयारियां कर रही है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने अपने कार्यकाल में मित्रों को नियुक्तियां देने के लिए सीपीएस तक नियुक्त कर दिए। उन्होंने कहा कि भ्रष्टाचार का सिलसिला यहीं नहीं रूका और अब धारा 118 में संशोधन कर प्रदेश को बेचने की साजिश की जा रही है। जयराम ठाकुर ने कहा कि ऐसी लापरवाह सरकार को प्रदेश की जनता माफ नहीं करेगी।

दूरसंचार सम्मेलन

भारत सरकार में दूरसंचार सचिव और डिजिटल संचार आयोग के अध्यक्ष डॉक्टर नीरज मित्तल ने कहा है कि साईबर अपराध, आर्थिक धोखाधड़ी और दूरसंचार साधनों का दुरूपयोग अब वैश्विक समस्या बनते जा रहे हैं और इनसे निपटने के लिए सभी को मिलजुल कर काम करने की जरूरत है। डॉक्टर मित्तल आज शिमला के निकट क्यारीघाट में दूरसंचार विभाग के हिमाचल प्रदेश लाईसेंस प्राप्त सेवा क्षेत्र द्वारा सशक्त संचार और अभिनव सुरक्षा विषय पर आयोजित सुरक्षा संबंधी मामलों के वार्षिक उत्तरी क्षेत्र सम्मेलन को वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि तेजी से बढ़ते डिजिटल दौर में सुरक्षित संचार सेवाओं के महत्व को समझते हुए दूरसंचार विभाग ने इस वैश्विक समस्या से निपटने के लिए अपने स्तर पर कई प्रयास किए हैं। सम्मेलन में प्रमुख रूप से अवैध दूरसंचार नेटवर्क के संचालन की रोकथाम, वित्तीय धोखाधड़ी, साइबर ठगी, मोबाईल फोन चोरी की घटनाओं को रोकने और डिजिटल अरेस्ट सहित डाटा व संचार सुरक्षा के विभिन्न पहलुओं पर विस्तार से चर्चा हुई। सम्मेलन में बताया गया कि दो वर्ष में चोरी हुए करीब 6 लाख मोबाईल बरामद किए गए हैं जबकि 4 करोड़ से अधिक संदिग्ध मोबाईल कनेक्शन बंद किए गए हैं। इस सम्मेलन में 6 राज्यों और केन्द्र शासित प्रदेशों के प्रतिनिधि शामिल हुए।

डीसी–चम्बा

चंबा के उपायुक्त चम्बा मुकेश रेपसवाल ने आज एतिहासिक चौगान मैदान में समग्र शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित राज्य स्तरीय कला व रंगोत्सव का शुभारम्भ किया। इस रंगोत्सव में प्रदेश के सभी जिलों से 9वीं से 12वीं कक्षा तक के लगभग 4 सौ प्रतिभागी 12 विभिन्न प्रतिस्पर्धाओं में हिस्सा ले रहे हैं। उपायुक्त ने इस मौके पर कहा कि शिक्षा के साथ–साथ विद्यार्थियों का बहुआयामी गतिविधियों में हिस्सा लेना उनके भविष्य निर्माण में महत्वपूर्ण है। उन्होंने प्रतिभागियों को उत्सव के दौरान अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने के लिए भी प्रोत्साहित किया।

निर्वाचन आयोग

केन्द्रीय निर्वाचन आयोग ने मतदाताओं की सहायता के लिए 1950 हैल्पलाईन और बुक–ए–कॉल विद बी.एल.ओ. सुविधा शुरू की है। 1950 हैल्पलाईन मतदाताओं को निर्वाचन प्रक्रिया से संबंधित जानकारी देगी। बुक–ए–कॉल विद बी.एल.ओ. सुविधा से मतदाता बी.एल.ओ. के साथ अपॉइंटमेंट बुक कर सकते हैं जिससे निर्वाचन संबंधी समस्याओं का समाधान होगा और प्रक्रिया सरल बनेगी। इस सुविधा के अंतर्गत देशभर के सभी राज्यों और केन्द्र शासित प्रदेशों में जिला और राज्य स्तरीय हैल्पलाईन भी कार्यरत रहेंगी।

———————————————————————